(XII) नियम 67-क के उपनियम (2) के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि कोई आवेदक अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए संदेय फीस पांच रुपये और अतिरिक्त फीस प्रति मास या उसके किसी भाग के लिए पांच रुपये की दर से होगी ।";

(XIII) नियम 67-ङ के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तुक यदि प्रवृत्त अनुज्ञप्ति के नवीकरण के शिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात्, किया गया हो तो अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिये जाते और यदि उसके नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पश्चात् छह मास के भीतर न किया गया हो तो अनुज्ञप्ति समाप्त हुई समझी जायेगी ।";

(XIV) नियम 67-छ के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

**"67-छ छ—अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी :—**

अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदक या ऐसा व्यक्ति, जिसको इस भाग के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति की मंजूरी से पूर्व या अनुज्ञप्ति के प्रवृत्त रहने की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्ति के लिए किये गये आवेदन में या मंजूर की गई अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट, परिसरों, के किराये संबंधी या अन्य आधार पर स्वामित्व या अधिभोग, फर्म के गठन या किसी अन्य संगत सामग्री की बाबत दस्तावेज साक्ष्य मांग किये जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा जिसकी अपेक्षा, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करते समय या अनुज्ञप्ति की अभिप्राप्ति के पश्चात्, आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किये गये कथनों की सत्यता का सत्यापन करने के प्रयोजन के लिए की जाए ।"

(XV) नियम 67-ज में, उपनियम (1) में, परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"परन्तु जहां ऐसी असफलता या उल्लंघन किसी अभिकर्ता या कर्मचारी की ओर से किए गए किसी कार्य या लोप का परिणाम है वहां अनुज्ञप्ति उस दशा में रद्द या निलम्बित नहीं की जाएगी यदि अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में यह साबित कर दे कि :—

(क) वह कार्य या लोप उसके द्वारा या यदि अनुज्ञप्तिधारी कोई फर्म या कम्पनी है तो फर्म के भागीदार या कम्पनी के निदेशक द्वारा नहीं उकसाया गया था और न उसने उसकी अपेक्षा की थी, या

(ख) वह या उसका अभिकर्ता या कर्मचारी प्रश्नगत कार्य या लोप के होने की तारीख से पूर्व बारह मास के भीतर उसी प्रकार के किसी कार्य या लोप के लिए दोषी नहीं रहा था, या जहां उसका अभिकर्ता या कर्मचारी किसी ऐसे कार्य या लोप का दोषी रहा था वहां अनुज्ञप्तिधारी को उसे पूर्वतन कार्य या लोप का ज्ञान नहीं था या उसे उसका युक्तियुक्ततः ज्ञान नहीं हो सकता था, या

(ग) यदि कार्य या लोप चालू रहने वाला कार्य या लोप था तो उसे उस पूर्वतन कार्य या लोप का ज्ञान नहीं

था या उसे उसका युक्तियुक्ततः ज्ञान नहीं हो सकता था, या

(घ) उसने यह सुनिश्चित करने के लिए सम्यक् तत्परता दिखाई कि अनुज्ञप्ति की शर्तें या अधिनियम के उपबंध और उसके अधीन बनाए गए नियम अनुपालित किए जाएं ।"

(XVI) नियम 69 में,

(i) उपनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) प्ररूप 24-ख में के प्रत्येक आवेदन के साथ चालीस रुपये फीस और प्रथम निरीक्षण के लिए दस रुपये या अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए निरीक्षण की दशा में पांच रुपये निरीक्षण फीस दी जाएगी और प्ररूप 24 में 8 प्रत्येक आवेदन के साथ दो सौ रुपए फीस और प्रथम निरीक्षण के लिए पचास रुपए या अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए निरीक्षण की दशा में पच्चीस रुपए निरीक्षण फीस दी जाएगी ।"

(ii) उपनियम (3) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(3) यदि कोई व्यक्ति अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए संदेय फीस, प्ररूप 24-ख की दशा में, निरीक्षण फीस के अतिरिक्त चालीस रुपए और अतिरिक्त फीस प्रति मास या उसके किसी भाग के लिए बीस रुपए की दर से होगी और, प्ररूप 24 की दशा में, निरीक्षण फीस के अतिरिक्त, दो सौ रुपए और अतिरिक्त फीस प्रति मास या उसके किसी भाग के लिए एक सौ रुपए की दर से होगी ।";

(XVII) नियम 69-क के उपनियम (1) में, स्पष्टीकरण के पूर्व निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि कोई आवेदक अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए संदेय फीस एक सौ रुपए और अतिरिक्त फीस प्रति मास या उसके किसी भाग के लिए पचास रुपए की दर से होगी ।"

(XVIII) नियम 71-क में, खण्ड (2) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) कारखाना परिसर अनुसूची ङ में विहित शर्तों का अनुपालन करेंगे, और"

(XIX) नियम 72 के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर, अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात् किया गया हो तो अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिए जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी ।"

(XX) नियम 73-क के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर, अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात् किया गया हो तो अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिये जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी ।"

(XXI) नियम 75 के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"यदि कोई आवेदक अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए संदेय फीस, निरीक्षण फीस के अतिरिक्त, तीन सौ रुपए और अतिरिक्त फीस प्रति मास या उसके किसी भाग के लिए दो सौ रुपए की दर से होगी ।";

(XXII) नियम 75-क के उपनियम (1) में, स्पष्टीकरण के पूर्व, निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :

"यदि कोई आवेदक अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए संदेय फीस तीन सौ रुपए और अतिरिक्त फीस प्रतिमास या उसके किसी भाग के लिए दो सौ रुपए की दर से होगी ।"

(XXIII) नियम 77 के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर, अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात् किया गया हो तो अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिए जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी ।";

(XXIV) नियम 83-क के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर, अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात्, किया गया हो तो अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिये जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण

के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी।";

(xxv) नियम 84 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किए जाएगे, अर्थात् :—

"84क—**उस प्रकार द्वारा राज्य सरकार को अपील करने की बाबत उपबन्ध जिसकी अनुज्ञप्ति मंजूर या स्वीकृत नहीं की गई है**—कोई ऐसा व्यक्ति जो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा पारित किए गए उस आदेश द्वारा व्यथित है जिसमें उसने प्ररूप 25, 25-क, 25ख, 26, 26-क 26ख, 28 और 28-क में की अनुज्ञप्ति को मंजूर या नवीकृत करने से इकार कर दिया है, ऐसे आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर राज्य सरकार को अपील कर सकेगा और राज्य सरकार, उस मामले में ऐसी जांच करने के पश्चात् जिसे वह आवश्यक समझे और उक्त व्यक्ति को उस मामले में अपने विचार रखने के लिए अवसर प्रदान करके, उस सम्बन्ध में ऐसा आदेश कर सकेगी जिसे वह उचित समझे।

84-कक **अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी**:— अनुज्ञप्ति की मजूरी के लिए आवेदक या ऐसा व्यक्ति, जिसको इस भाग के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति की मजूरी से पूर्व या अनुज्ञप्ति के प्रवृत्त रहने की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों के किराए संबंधी या अन्य आधार पर स्वामित्व या अविभोग, फर्म के गठन या किसी अन्य ऐसी सुसंगत सामग्री की बाबत दस्तावेजी साक्ष्य, मांग किए जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा जिसकी अपेक्षा, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करते समय या अनुज्ञप्ति की अभिप्राप्ति के पश्चात्, आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कथनों की सत्यता का सत्यापन करने के प्रयोजन के लिए की जाएगी।";

(xxvi) नियम 85 ख के उपनियम (3) के स्थान पर, निम्नलिखित उपनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(3) यदि कोई व्यक्ति अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए सदेय फीस—

(i) होमियोपैथिक मदर टिंचर और शक्तिबर्धक निर्मितियों का विनिर्माण करने के लिए चालीस रुपये और अतिरिक्त फीस प्रतिमास या उसके किसी भाग के लिए बीस रुपए की दर से होगी ; और

(ii) केवल होमियोपैथिक शक्तिबर्धक निर्मितियों का विनिर्माण करने के लिए बीस रुपए और अतिरिक्त फीस प्रतिमास या उसके किसी भाग के लिए दस रुपये की दर होगी।";

(xxvii) नियम 85 च के परन्तुक स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि प्रवृत्त अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर अतिरिक्त फीस का सदाय करने के पश्चात् किया गया हो तो ऐसी अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिए जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी।";

(xxviii) नियम 85 ज के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"85जज—**अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी**:— अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदक या ऐसा अन्य व्यक्ति जिसको इस भाग के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, यथास्थापित, अनुज्ञप्ति की मंजूरी से से पूर्व या अनुज्ञप्ति के प्रवृत्त रहने की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्ति के लिए किए गए आवदन में या मंजूर की गई अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों के किराए संबंधी या अन्य आधार पर स्वामित्व या अभिभोग फर्म के गठन या किसी अन्य ऐसी सुसंगत सामग्री की बाबत दस्तावेजी साक्ष्य, मांग किए जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा जिसकी अपेक्षा, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करते समय या अनुज्ञप्ति की अभिप्राप्ति के पश्चात्, आवेदक किया अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कथनों की सत्यता का सत्यापालन करने के प्रयोजन के लिए की जाए।";

(xxix) नियम 96 में, उपनियम (1) के पश्चात्, उपनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1क) (क) कण्डोमों के लेवल पर मुद्रित या लिखी जाने वाली विशिष्टियां वे होंगी जो अनुसूची द में विनिर्दिष्ट हैं

(ख) सब से भीतर के ऐसे पात्र के लेवल पर और प्रत्येक अन्य आवेष्टक पर जिसमें कण्डोम से भिन्न गर्भनिरोधकों को अन्तर्विष्ट करने वाला पात्र पैक किया गया है निम्नलिखित अतिरिक्त विशिष्टियां पक्की स्याही से या तो मुद्रित की जाएगी या लिखी जाएगी और वे किसी सहजदृश्य रीति में दिखाई देगी, अर्थात् :—

(i) विनिर्माण की तारीख

(ii) वह तारीख जिस तक गर्भनिरोधक वस्तु के अपने गुण बनाए रखने की आशा है

(iii) खण्ड (ii) में उपदर्शित तारीख तक उस गर्भनिरोधक वस्तु के गुणों को बनाए रखने के लिए आवश्यक भण्डारकरण की दशाएं :

परन्तु मुखी गर्भनिरोधक वस्तुओं के पात्र के लेबल पर विनिर्माण की तारीख ही लिख देना पर्याप्त होगा ।";

(xxx) नियम 106-क में, उपनियम (ख) खण्ड (ii) के नीचे, अन्त में निम्नलिखित स्पष्टीकरण अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"**स्पष्टीकरण** :— यह खण्ड भारत के बाहर विनिर्मित होमियोपथिक मदर टिंक्चरों को लागू नहीं होगा ।" ;

(xxxi) नियम 138 के उपनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) यदि कोई व्यक्ति अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए आवेदन करता है तो ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए सदय फीस दो सौ रुपए और अतिरिक्त फीस प्रतिमास या उसके किसी भाग के लिए एक सौ रुपए की दर से होगी :

परन्तु पांच से अनधिक व्यक्तियों को नियोजित करने वाले किसी छोटे विनिर्माता की दशा में, ऐसी अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किन्तु ऐसे अवसान के छह मास के भीतर उसके नवीकरण के लिए सदय फीस चालीस रुपए अतिरिक्त फीस प्रतिमास या उसके किसी भाग के लिए बीस रुपए की दर से होगी ।" ;

(XXXII) नियम 140 के परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"परन्तु यदि प्रवृत्त अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के पूर्व, या यदि ऐसा आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर, अतिरिक्त फीस का संदाय करने के पश्चात् किया गया हो तो ऐसी अनुज्ञप्ति तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक उस आवेदन पर आदेश पारित नहीं कर दिए जाते और यदि अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन उसके अवसान के छह मास के भीतर न किया गया हो तो वह समाप्त हुई समझी जाएगी।"

(XXXIII) नियम 142 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"**142 क – अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारी** :— अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदक या ऐसा व्यक्ति जिसकी इस भाग के अधीन अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, यथास्थिति अनुज्ञप्ति की मंजूरी से पूर्व या अनुज्ञप्ति के प्रवृत्त रहने की अवधि के दौरान, अनुज्ञप्ति के लिए किए गए आवेदन में या मंजूर की गई अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों के किराए संबंधी या अन्य आधार पर स्वामित्व या अधिभोग, फर्म के गठन या किसी अन्य ऐसी सुसंगत सामग्री की बाबत दस्तावेजी साक्ष्य, मांग किए जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा जिसकी अपेक्षा, यथास्थिति , अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करते समय या अनुज्ञप्ति की अभिप्राप्ति के पश्चात् आवेदक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किए गए कथनों की सत्यता का सत्यापन करने के प्रयोजन के लिए की जाए ।"

(XXXIV) नियम 145 के पश्चात, निम्नलिखित नियम अन्तः स्थापित किए जाएंगे, अर्थात :—

"**145 क –प्रसाधन सामग्री के नमूने लेने के प्रयोजन के लिए सूचना का प्ररूप**:— जहां कोई निरीक्षक परीक्षण या विश्लेषण के प्रयोजन के लिए किसी प्रसाधन सामग्री का नमूना लेता है वहां वह प्ररूप 17 में ऐसे प्रयोजन की लिखित में सूचना उस व्यक्ति को देगा जिससे उसने वह नमूना लिया है ।

**145-ख–अभिगृहीत साधन सामग्री के लिए रसीद का प्ररूप**—अधिनियम की धारा 22 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन अभिगृहीत की गई किसी प्रसाधन सामग्री के स्टाक के लिए निरीक्षक द्वारा दी जाने वाली रसीद प्ररूप 16 में होगी ।";

(XXXV) अनुसूची क में;

(i) प्ररूप 16 और 17 के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप प्रतिस्थापित किए जायेंगे, अर्थात् :—

"**प्ररूप 16**

(नियम 55 और 145 ख देखिए)

**अधिनियम की धारा 22 (1) (ग) के अधीन अभिगृहीत औषधि—द्रव्य प्रसाधन सामग्री के स्टाक की रसीद**

मैंने आज औषधि-द्रव्य और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 22 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अधीन, औषधि-द्रव्य/प्रसाधन सामग्री के उस स्टाक का अभिग्रहण, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है,————————स्थित————— के परिसरों से किया ।

तारीख————————— निरीक्षक—————

अभिगृहीत औषधि-द्रव्य/प्रसाधन सामग्री का ब्यौरा

तारीख————————— निरीक्षक—————

प्ररूप–17

(नियम 56 और 145 क देखिए)

उस व्यक्ति को सूचना जिससे नमूना लिया गया है ।

सेवा में,

———————

———————

———————

मैंने आज नीचे विनिर्दिष्ट औषधि द्रव्य/प्रसाधन सामग्री के नमूने परीक्षण या विश्लेषण के प्रयोजन के लिए———————— स्थित———————————— के परिसरों से लिए ।

तारीख———————— निरीक्षक————————

लिए गए नमूनों का ब्यौरा

तारीख———————— निरीक्षक————————

(ii) प्ररूप 21 में,

(क) पैरा 1 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"1————————को औषधि-द्रव्य और प्रसाधन, सामग्री नियम, 1945 की अनुसूची ग और ग(1) में विनिर्दिष्ट औषधि-द्रव्य के निम्नलिखित प्रवर्गों की फुटकर बिक्री करने, विक्रय के लिए स्टाक या प्रदर्शित करने या वितरण करन के लिए *और ————————स्थित परिसरों पर फार्मेसी चलाने के लिए एतद्द्वारा अनुज्ञप्त किया जाता है जो नीचे विनिर्दिष्ट शर्तों और औषधि-द्रव्य और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन होगा ।"

(ख) पैरा 4 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"4–औषधि द्रव्य के प्रवर्ग————————" ;

(ग) "अनुज्ञापन प्राधिकारी" प्रविष्टि के पश्चात् "*" यदि लागू न हो तो काट दें" प्रविष्टि अन्तः स्थापित की जाएगी ;

(XXXVI) अनुसूची च में,

(1) भाग 1 में, खंड (ख) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"**(ख) वैक्सीनम वैसीग्राल (चेचक वैक्सीन) को लागू होने वाल उपबन्ध**

**परिभाषाएं**

**1. अन्तर्राष्ट्रीय नाम और यथार्थ नाम** :—

निर्मित का अन्तर्राष्ट्रीय नाम "वैक्सीनम वैरिग्रोल' और यथार्थ नाम "चेचक वैक्सीन" होगा ।

**2. वर्णनात्मक परिभाषा** :—वैक्सीन वैरिग्रोल (चेचक वैकसीन) जीवित पशुओं की त्वचा में या कुक्कुट भ्रूण की कला में या उपयुक्त ऊतकों के वाइट्रो-सम्बर्ध में उत्पन्न वक्सीनिया वाइरस की शुष्कित निर्मिति है और यह निर्मिति नीचे निरीपत सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगी ।

**3. अन्तर्राष्ट्रीय नामक और निर्देश-निर्मित**:—चेचक वैक्सीन की अन्तर्राष्ट्रीय निर्देश -निर्मित (1962 में स्थापित) 14 मिग्रा हिम-शुष्कित चेचक वैक्सीन धारण करने वाले एम्पुल में औषधयोजित है । यह निर्देश निर्मित इंटरनेशनल लबोरेटरी फार बायोलिजकल स्टैण्डर्डस, स्टेटस सीरम इन्स्टीट्यूट, कोपनहेगन की अभिरक्षा में है । अन्तर्राष्ट्रीय निर्देश–निर्मिति इस देश में चेचक वैक्सीन के विनिर्माण और प्रयोगशाला नियंत्रण में उपयोग के लिए निर्देश-निर्मित के अनुसंशोधन के लिए आशयित है ।

**4. शब्दावली** :—

(1) **मुख्य बीज लाट** से किसी जीवित पशु की त्वचा के अनुकूल और उस पर उत्पन्न वाइरस का ऐसा परिणाम अभिप्रेत है जिसे एक साथ संसाधित किया गया हो और जिसका संघटन एक समान हो ।

(2) **गौण बीज लाट** से जीवित पशु की त्वचा में या कुक्कुट भ्रूण की जरायु-अपरापोषित कलाओं में या ऊतक संवर्धों में उत्पन्न वाइदरस का ऐसा परिमाण अभिप्रेत है जिसका संघटन एक समान हो और जो प्राथमिक बीज लाट से निकाले गए 5 विषाणुकांमित (पशुओं) से अधिक न हो ।

(3) **एकल संचय** से एक पशु से संचलित सामग्री का परिमाण या कुक्कुट भ्रूणों के किसी समूह से संचयित सामग्री का परिमाण या एक साथ मर्णेपत, उद्भवित और संचयित ऊतक संघर्ष अभिप्रेत है ।

(4) **प्रपुन्ज सामग्री** से संचयन के पश्चात् और अन्तिम पात्रों में भरे जाने के पूर्व किसी भी अवस्था में की सामग्री अभिप्रेत है । प्रपुन्ज सामग्री एक या एक से अधिक एकल संचयनों से तैयार की जाएगी ।

(5) **अन्तिम प्रपुन्ज** से वैक्सीन का वह परिमाण अभिप्रेत है जो भरन तैयारियों की समाप्ति के पश्चात् ऐसे पात्र में रखा हो जिससे अंतिम पात्र भरे जाते है ।

(6) **भरन लाट** (अन्तिम लाट से ऐसे मुद्राबन्द अन्तिम पात्रों का संग्रह अभिप्रेत है जो भरन और शुष्कन के दौरान संदूषण के खतरे को बाबत सदृश हों । इसलिए कोई भरन लाट एक ही कार्य सत्र में भरा गया । हो और एक साथ शुष्कित किया गया हो ।

(7) **चेचक उत्पन्न करने वाली इकाई** से वाइरस निलम्बन का ऐसा लघुतम परिमाण अभिप्रेत हैं जो कुक्कुट जरायु–अपरापोषिका कला पर एकल चेचक उत्पन्न करेगी ।

(8) **चकता उत्पन्न करने वाली इकाई** (बी एफ यू)से बाइरस निलम्बन का ऐसा लघुतम परिमाण अभिप्रेत है जो एकतर कोशिका सम्बद्ध में एकल प्राथमिक चिकित्सा करेगी ।

5. **साधारण विनिर्माण अपेक्षाएं**

चेचक वैक्सीन का निर्माता इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए अनुसूची ङ में यथा अधिकथित कर्मचारिवृन्द परिसर और उपस्कर रखेगा और इस अनुसूची के भाग 1 (क) में अन्तर्विष्ट उपबन्धों का वहां तक अनुपालन करेगा जहां तक वह चेचक वैक्सीन के विनिर्माण को लागू होती है ।

6. **उत्पादन नियंत्रण**

(क) **मूल पदार्थ वाइरस नस्ल का नियंत्रण**

(1) सभी बीज लाटों के उत्पादन में प्रयोग किए गए वाइरस नस्ल की पहचान ऐतिहासिक अभिलेखों द्वारा की जाएगी । वे अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दिए गए हों कि उनसे ऐसी रोगक्षमजन–वैक्सीन उत्पन्न हुई जो मनुष्य की त्वचा में विशेष वैक्सीनल विक्षप्ति पैदा करते है जिनके फलस्वरूप वेरिओल से मनुष्य की रक्षा करने के लिए ज्ञात वाइरस नस्ल का पुनः टीका लगाने की पश्चातवर्त्ती चुनौती सहन करने की क्षमता पैदा होती है । नस्ल खरगोश की त्वचा में कोष्ठकी –विस्फोट लक्षण और कुक्कुट भ्रूण की जरायु–अपरापोषिका कला में चेचक विज्ञप्ति का प्रत्युत्पादनीय लक्षण पैदा करेगी । इसके अतिरिक्त वैक्सीन नस्ल की विशेषता सीरम संबंधी परीक्षणों और पशु संरोपण से जानी जाएगी ।

(2) नस्ल की प्रकृति के सत्यापन के लिए किए जाने वाले सभी सामयिक परीक्षणों के अभिलेख रखे जायेंगे ।

(3) वैक्सीन उत्पादन के लिए प्रयोग की जाने वाली नस्ल ऐसी होनी चाहिए जिसने साधारणीकृत विक्षति या मनुष्य या पशुओं में तंत्रिका–तंत्र विज्ञप्ति उत्पन्न करने की प्रवृत्ति वैक्सीनिया वाइरस की ऐसी अन्य नस्ल से, जिसे बिना तीव्र स्थानीय विक्षति और सुस्पष्ट शारीरिक गड़बड़ी के संतोषजनक पाया गया हो, कभी अधिक न दिखाई हो । तथाकथित 'तंत्रिका वैक्सीन,' की नस्ल अलग कर दी जाएगी

7. **बीज वाइरस और वैक्सीन के उत्पादन के लिए पशु या ऊतक ।**

(1) केवल ऐसे स्वस्थ पशु या स्वस्थ पशुओं के ऊतक जो वैक्सीन या वाइरस के साथ बहिर्जेनस्तर संरोपण के लिए सुग्राह्य हो या ऐसे कुक्कुट भ्रूण जो स्वस्थ समूह से प्राप्त किए गए हों, वैक्सीन उत्पादन के लिए प्रयोग किए जाएंगे । ये इस मानकों के पैरा 10 में दी गई सभी अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे । यदि कोशिका सम्बन्धों का प्रयोग वैक्सीन उत्पादन के लिए किया गया हो तो उनके बारे में यह दर्शित किया जाए कि वे अनुसन्धेय अस्थानिक पदार्थों से मुक्त हैं ।

(2) वैक्सीन उत्पादन के लिए या बीज वाइरस तैयार करने के लिए पशुओं की विभिन्न जातियों का प्रयोग किया जा सकेगा बछड़े, भेड़, भैंस, गधों और खरगोश का प्रयोग सफलता-पूर्वक किया जा सकेगा ।

(3) बढ़ते हुए कुक्कुट भ्रूण की जरायु-अपरापोषिका कला और भ्रूण या सग्राह्य जातियों के साथ बाल-पशुओं के ऊतक भी वाइरस प्रवर्धन के लिए उपयुक्त हो सकेंगे ।

8. **बीज लाट प्रणाली :–**

(1) गौण बीज-लाट तैयार करने के लिए मूल सामग्री के रूप में मुख्य बीज लाट का प्रयोग किया जाएगा । गौण बीज, लाट मुख्य बीज लाट से निकाले गए पांच विषाणुकामित (पशुओं) से अधिक नहीं होगा । यदि वैक्सिीन किसी जीवित पशु की त्वचा में उत्पन्न किया गया हो तो गौण बीज लाट, कुक्कुट भ्रूण या ऊतक कला में बिना विषाणुकामण के मुख्य बीज लाट तैयार किया जाएगा । वैक्सिीन, विषाणुकामित (पशु) को बिना अन्तराक्षेप किए, किसी बीज लाट से तैयार किया जाएगा ।

(2) बीज लाट शुष्कित, हिमीभूत या ग्लिसरीनित रूप में रखे जाएंगे । यदि किसी ग्लिसरीनित बीज लाट का प्रयोग किया गया हो तो उसे निरन्तर 0° सेन्टीग्रेड से कम के तापमान में रखा जाएगा ।

9. **बाह्य सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति के लिए बीज लाट पर परीक्षण :–**

(1) पशुओं की त्वचा में वैक्सिीन के उत्पादन के लिए संरोपण के रूप में प्रयोग किए जाने वाले अवमिश्रण में का बीज लाट इन मानकों की पैरा 14 की अपेक्षाओं को पूरा करेगा ।

2 कुक्कुट भ्रूण में या ऊतक सम्वर्ध में वैक्सीन के उत्पादन के लिए प्रयोग किया जाने वाला बीज लाट, पुनः जलयोजन, यदि लागू हो, के पश्चात् पैरा 19 की अपेक्षिओं को पूरा करेगा ।

10(ख) परिसरों, कमरों, उपकरणों, उपस्करों और सामग्रियों की स्वच्छता से सम्बन्धित बातों में चेचक वैक्सीन के उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली उत्पादन पूर्वाविधानियां और संदूषण के प्रति पूर्वाविधानियां ऐसी होंगी जो वैक्सीन की शुद्धता, निर्जीवाणुकता और सामर्थ्य सुनिश्चित करेगी और निम्नलिखित अतिरिक्त पूर्वाविधानियों के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदिता की जाएगी, अर्थात्:–

(1) जहां वैक्सीन जीवित पशुओं की त्वचा में उत्पादन किए गए हों :–

(क) पशुओं को बाह्य परिजीवों से मुक्त किया जाएगा और प्रत्येक पशु को बीज वाइरस के संरोपण के कम से कम दो सप्ताह के लिए पशुचिकित्सा संम्बन्धी पर्यवेक्षण के अधीन संगरोध में रखा जाएगा

संरोपण से पूर्व पशुओं को साफ किया जाएगा और उसके पश्चात् नितान्त स्वच्छ पशु- गृहों में तब तक रखा जाएगा जब तक वैक्सीनल सामग्री संचयित न कर ली जाए ।

(ख) पशु संरोपण के पूर्व पांच दिन की अवधि के दौरान और उद्भवन के दौरान पशुचिकित्सा सम्बन्धी पर्यवेक्षण के अधीन रहेंगे । वे रोग के सभी लक्षणों से मुक्त रहेंगे और उनका दैनिक मलाशय-तापमान अभिलिखित किया जाएगा । यदि ताप-मान में कोई असामान्य वृद्धि हुई हो, या यदि रोग का कोई लक्षण मालूम हुआ हो तो संयुक्त पशुओं के समूह से वैक्सीन का उत्पादन तब तक के लिए बन्द कर किया जाएगा जब तक कि इन अनि-यमितताओं के कारण का निदान न हो जाए ! संक्रामक रोग दूर करने के लिए अपनाई गई रोग-निरोधी और निदानकारी प्रक्रियाएं अनुमोदन के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी, को भेजी जाएगी ।

(ग) बीज वाइरस संरोपण पशु के ऐसे अंगों में किया जाएगा जो मूत्र और विष्ठा से दूषित न हों । संरोपण के लिए प्रयोग की जाने वाली जगह के इस प्रकार बाल काटे जाएंगे और उसे साफ किया जाएगा ताकि शल्य चिकित्सा सम्बन्धी अपूति की निकटतम संभव अनुरूपता उपाप्त की जा सके यदि साफ करने की प्रक्रिया में वाइरस के लिए हानिकार किसी पूतिरोध पदार्थ का प्रयोग किया गया हो तो संपरोण से पूर्व उसे निर्जीवाणुक जल से पूरी तरह धोकर साफ किया जाएगा । संरपोण के दौरान पशु के शरीर की खुली वह जगह जिसका संरोपण के लिए प्रयोग न किया गया हो, निर्जीवाणुक आवरण से ढक दी जाएगी ।

(घ) वैक्सीनल सामग्री, के संग्रह के पूर्व, प्रतिजीवी पदार्थ हटा लिया जाएगा और संरोपित भाग पर साफ करने की प्रक्रिया की पुनारावृत्ति की जाएगी । असंरोपित जगह निर्जीवाणुक आवरण से ढक दी जाएगी ।

(ङ) संचयन से पूर्व, पशु को बिना कष्ट दिए मार दिया जाएगा । पशुओं को, रक्त के साथ वैक्सीन सामग्री का अधिक मिश्रण न होने देने के लिए संचयन के पूर्व रक्तहीन किया जाएगा ।

(च) प्रत्येक पशु से, वैक्सीनल सामग्री अपूतित पूर्वाविधा-नियों के साथ अलग-अलग संग्रह की जाएगी ।

(छ) वैक्सीन के उत्पादन में प्रयोग किए गए सभी पशुओं की, मार दिये जाने के पश्चात् शवपरीक्ष की जाएगी यदि वैक्सीनिया के सिवाय कोई व्यापक्त या शरीरिक रोग का लक्षण पाया जाए तो उस पशु की वैक्सीनल सामग्री अलग कर दी जाएगी । यदि रोग संचारी समझा जाए तो उससे प्रभावित पशुओं के सम्पूर्ण समह का संचयन अलग कर दिया जाएगा ।

(2) **जहां वैक्सीन कुक्कुट भ्रूण में उत्पन्न किए जाते हैं:—**

(क) केवल ऐसे अण्डे प्रयोग किए जाएंगे जो ऐसे समूह के होंगे जिनके बारे में ज्ञात हो कि वे रोग जिसमें एवीयन ल्यूकोसिस भी शामिल है, से मुक्त है ।

(ख) विशेष रूप से, यह वांछनीय है कि अण्डे ऐसे समूह से प्राप्त किए जाने चाहिए जो **सालामनेल्ला पुलोरम माइकोंबैक्टुरियम टूबरकुलोसिस राउज वाइरस, माइकोप्लाजमा** और कुक्कुटों के लिए रोगजनक अन्य पदार्थों से मुक्त हों ।

(ग) जीवित भ्रूण, यथोचित अवधि तक संद्भवन के पश्चात् ऐसे बीज वाइरस के साथ संरोपत किए जाएंगे जो इन मानकों के पैरा 8 और 9 की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे । यथोचित अवधि तक और उद्भवन के पश्चात्, वैक्सीनल सामग्री अपतिक पूर्वाविधानियों के साथ संचायित की जाएगी ।

(3) **जहां वैक्सीन ऊतक सम्बर्धों में उत्पन्न किए जाते हैं :—**

(क) केवल ऐसे मुख्य ऊतक सम्बर्ध प्रयोग किए जाएंगे जो ऐसे पशुओं के होंगे जिनके बारे में ज्ञात हो कि वे रोगमुक्त हैं । वाइरस, अपूतिक अपूर्वाधानियों सहित निकाले और संचियित किए जाएंगे । मानव-उद्गम की कोई सामग्री किसी प्रक्रम में संम्बर्ध में नहीं मिलाई जाएगी ।

(ख) निर्जीवाणुकरण के लिए अपेक्षित न्यूनतम सान्द्रता के उपर्युक्त प्रतिजीवि पदार्थ प्रयोग किए जा सकेंगे परन्तु पेनिसिलिन और स्टेप्टोमाइसिन का प्रयोग प्रतिषिद्ध है ।

11. **प्रपुन्ज सामग्री का नियंत्रण**

(1) आरम्भिक अभिक्रिया प्रत्येक पशु की त्वचा से संचयित वैक्सीनल सामग्री जीवित बाह्य सूक्ष्यम जीवों के अंश को कम करने के लिए अभिकल्पित अभिक्रिया के अधीन होगी । यदि आवश्यक हो तो इसे पैरा 14 की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए । कोई भी प्रतिजीवी पदार्थ प्रपुंज सामग्री में नहीं मिलाई जाएगी ।

(2) वैक्सीन की अभिक्रिया किसी उपर्युक्त प्रतिजीवाणु पदार्थ के मिश्रण या केन्द्रीय पसरण द्वारा सूक्ष्मजीवों के निराकरण के रूप में हो सकेगी ।

(3) कुक्कुट भ्रूण या ऊतर सम्बर्ध से संचयित वैक्सीनल सामग्री को ऐसी अभिक्रिया की आवश्यकता नहीं परन्तु ग्लिसेराल या कोई प्रतिजीवी पदार्थ बाद में होने वाले संदषण के प्रति पूर्वाधानी के रूप में मिलाया जाना चाहिए ।

12. **अन्तिम प्रपुन्ज** ;

(1) आरम्भिक अभिक्रिया के पश्चात् प्रपुन्ज सामग्री के अवमिश्रण के पूर्व वैक्सीन की और प्रक्रिया की जा सकेगी ।

(2) अन्तिम प्रपुन्ज बनाने के पूर्व शक्ति के लिए और जीवित बाह्य सूक्ष्म जीवों की उपस्थिति के लिए एकल संचयन पर प्रारम्भिक परीक्षण करना आवश्यक होने चाहिए ।

13. **अन्तिम प्रपुन्ज बाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण**:—

अन्तिम प्रपुन्ज इन मानकों के पैरा 24 में वर्णित बाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण में पास होगा ।

14. **जीवित पशुओं की त्वचा में तैयार किए गए अन्तिम प्रपुन्ज में जीवित बाह्य सुक्ष्म जीवों की उपस्थिति के लिए परीक्षण**:—

अन्तिम प्रपुन्ज जीवित बाह्य सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति के लिए निम्नलिखित परीक्षण पास करेगा, यदि ये परीक्षण अन्तिम प्रपुन्ज में प्रतिनिहित प्रत्येक एकल संचयन द्वारा पहले ही पास न कर दिए गए हों ।

15. **कुल जीवा अशंण के लिए परीक्षण** :—

(1) अन्तिम प्रपुन्ज के 1:10 और 1:100 के उपयुक्त अवमिश्रण ऐसे उपयुक्त अवमिश्रक में बनाए जाएंगे जो जीवित जीवाणु के लिए हानिकार न हो । प्रत्येक अवमिश्रण के कम से कम एक मिली के तीन नमूने पोषक युप ऐगार प्लेटों पर सम्बन्धित किये जायेगें । प्लेटों के उदभवन 15° सेन्टीग्रेड और 22° सेन्टीग्रेड के बीच 72 घंटों तक और 35° सेन्टीग्रेड और 37° ग्रेड को बीच 48 घंटों की और अवधि तक किया जाएगा । प्लेट पर प्रकट होने वाली कालोनियों की संख्या से अंतिम प्रपुन्ज के 1 मिली में जीवित जीवाणु संख्या की गणना की जाएगी यदि यह संख्या 500 से अधिक हो तो अन्तिम प्रपुन्ज की और अभिक्रिया की जाएगी या उसे अलग कर दिया जाएगा ।

(2) अन्तिम प्रपुन्ज के उच्चतर अवमिश्रण वाले उपयुक्त नियंत्रण प्लेट यह निश्चित करने के लिए इस परीक्षण में संम्मिलित किए जाएंगे कि परीक्षण प्लेटों पर प्रकट होने वाली कालोनियों की संख्या अन्तिम प्रपुन्ज में की किसी परिरक्षक की निरोधी क्रिया द्वारा प्रभावित नहीं हैं ।

16. **एशेरिशिया कोलाइ की उपस्थिति के लिए परीक्षण**:—

अन्तिम प्रपुन्ज के 1:10 अवमिश्रण के कम से कम 1 मिली के तीन नमूने, अन्य जीवाणु से एशेरिशिया कोलाइ का विभेद करने के लिए 10 मिली माध्यम धारण करने वाली तीन मैक कोन्की ब्रथ माध्यम नलियों में सम्बर्धित किए जाएगें । नलियों का उदभवन 35° सेन्टीग्रेड से 37° सेन्टीग्रेड पर 48 घंटो तक किया जाएगा । यदि ऐशेरिशिया कोलाइ का पता चले तो अन्तिम प्रपुन्ज की और अभिक्रिया की जाएगी या उसे अलग कर दिया जाएगा ।

17. **ऐसे रक्त संलायी स्ट्रोप्टोकाकसी कोएगुलेस-धनात्मक स्ट्रोफिलोकाकसी या कोई अन्य रोग जनक सूक्ष्मजीवाणु की उपस्थिति के लिए परीक्षण जो मानव शरीर में वक्सीनेशन की प्रक्रिया द्वारा समाविष्ट किये जाने पर हानिकर माने जाते हैं**

(1) अनावमिश्रित अन्तिम प्रपुन्ज 0.1 मिली का प्रत्येक वैक्सीन तीन रक्त ऐगर प्लेटों पर सम्बधित किया जाएगा और प्लेटों का दो दिन तक 35° से 37° सेन्टीग्रेड पर उद्भवन किया जाना चाहिए । ऐसे उद्भवन के पश्चात् प्रकट होने वाली क लोनियों की, बी० एन्थासिस रक्तयलायी स्ट्रेप्टोकाकसी, कोएगुलेस धनात्मक स्टेफिलोकाकसी या किसी अन्य रोगजनक सूक्ष्म जीवाणु के बारे में आलोचनात्मक जांच की जाएगी । यदि इनमें से किसी जीवाणु का पता चले तो उनका पुष्टीकारी परीक्षण किया जाएगा ।

(2) यदि वर्णित किसी जीवाणु का पता चले तो अन्तिम प्रपुन्ज की और स अभिक्रिया की जाएगी या उसे अलग कर दिया जाएगा ।

18. **क्लोस्ट्रीडियम टेटेनाइ और अन्य रोगजनक जीवाणु (इसोर) पैदा करनेवाले वातनिरपेक्षीकी उपस्थिति के लिए परीक्षण**

(1) 0.5 मिली अनावमिश्रित अन्तिम प्रपुन्ज या वैक्सीन ऐसे 18–फलारक में मिलाया जाएगा जिनमें 50 मिली रोबर्टसन्स कुक्ड मीट माध्यम हो, तो फलारक एक घंटे तक 65° सेन्टीग्रेड पर रखा जाएगा और उसके पश्चात् कम से कम एक सप्ताह तक 35° से 37° सेन्टीग्रेड पर उद्भवन किया जाएगा । कम से कम दो फलारक प्रत्येक परीक्षण के लिए प्रयोग किए जाएंगे ।

(2) किसी सन्देहयुक्त वर्धन की दशा में, उप-सम्वर्ध ऐसे उपयुक्त माध्यम की दो प्लेटों पर बनाए जाएंगे जिनका उसी तापमान पर वातनिरपेक्षी रूप से उद्भवन किया जाएगा । सभी वातनिरपेक्षी कालोनियों की परीक्षा और वे पहचान की जाएंगी और यदि उसमें कलोस्ट्रीडियम टेटेनाइ या अन्य रोगजनक जीवाणु पैदा करने वाले वातनिरपेक्षी पाए जाएं तो अन्तिम प्रपुन्ज अलग कर दिया जाएगा ।

(3) उस नली सम्वर्ध में पाए गए रोगजनक क्लोस्ट्रीडिया से मिलते-जुलते जीवाणुओं का जिनसे उप-सम्वर्ध बनाया गया था पशुओं में उसे संरोपित करके रोगजनकता के बारे में निम्न प्रकार परीक्षण किया जा सकेगा : परखे जाने वाले प्रत्येक नली सम्वर्ध के लिए दो गिनि-पिग और पांच चूहों से अन्यूव के समूहों का प्रयोग किया जाता है । 0.5 मिली सम्वर्ध को 0.1 मिली कैल्सियम क्लोराइड के ताजे तैयार किए गए चार प्रतिशत घोल के साथ मिलाया जाता है और उसका प्रत्येक गिन-पिग को अन्तःपेशी घोल इंजेक्शव लगा दिया जाता है; इस 0.1 मिली कैल्सियम क्लोराइड के साथ मिश्रित 0.2 मिली सम्वर्ध का प्रत्येक चूहे को अन्तःपेशी इंजेक्शन लगा दिया जाता है । एक सप्ताह तक पशुओं का प्रेक्षण किया जाता है । यदि किसी पशु में टेट्नस के लक्षण प्रकट होते हैं या कोई पशु बीजाणु पैदा करने वाले वातनिरपेक्षी के संक्रमण के परिणामस्वरूप मर जाता है तो अन्तिम प्रपुन्ज अलग कर दिया जाना चाहिए ।

(4) यदि इस परीक्षण के लिए अन्य पद्धतियों का प्रयोग किया गया हो तो वे अनुज्ञापान प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दी गई हों कि वे क्लोस्ट्रिडियम टेटेनाइ और अन्य

रोगजनक बीजाणु पैदा करने वाले वातनिरपेक्षियों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए कम से कम उतनी ही प्रभावशील हैं।

**19. कुक्कुट भ्रूण या उसके सम्बर्ध में तैयार अन्तिम प्रपुन्ज की जीवाणु-विज्ञान-संबंधी निर्जीवाणुकता के लिए परीक्षण :**

प्रत्येक अन्तिम प्रपुन्ज का, तत्समय भारतीय भेषजकोष में दी गई अपेक्षाओं के अनुसार जीवाणुक-विज्ञान-संबंधी निर्जीवाणुकता के लिए परीक्षण किया जाएगा। यदि किसी सम्बर्ध में कोई बढ़ोतरी मालूम होती है तो पुनरावृत्त परीक्षण के लिए अन्तिम प्रपुन्ज अलग दिया जाएगा। यदि उसी प्रकार के सूक्ष्मजीव एक से अधिक परीक्षण में पाए जाएं तो अन्तिम प्रपुन्ज अलग कर दिया जाएगा किन्तु कोई अन्तिम प्रपुन्ज तब तक पास नहीं किया जाएगा जब तक अन्तिम परीक्षण में आद्योपान्त कोई उन्नति न हुई हो।

**भरन और पात्र**

**20. भरन कक्ष :**

इस प्रयोजन के लिए भरन आरक्षित कक्षों में किया जाएगा। ये ऐसे निर्जीवाणुक कक्ष होंगे जिनमें प्रपुन्ज पात्रों से अन्तिम पात्रों में परिष्कृत जैविक पदार्थों की मापित मात्रा अन्तरित करने के लिए विनिर्दिष्ट रूप से उपस्कर जुटाए गए हों। धूल नियंत्रण के सम्यक् उपाय और अपूतिक तकनीक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयोग की जाएंगी कि भरन-प्रक्रिया के दौरान उत्पाद संदूषित न हो।

**21. भरन-प्रक्रिया :**

(1) भरन क्रिया इस प्रकार की जाएगी जिससे उत्पाद का किसी संदूषण या अदल-बदल से बचाव हो सके। उन्हें ऐसे स्थानों पर रखा जाएगा जो उन स्थानों से पूर्णतः पृथक हों जहां जीवित सूक्ष्मजीव, जिनमें वाइरस भी सम्मिलित हैं, रखने के लिए व्यवस्था की गई हो।

(2) भरन प्रक्रिया, प्रत्येक वर्ष कम से कम दो बार किसी कार्य दिवस के अन्त में किसी ऐसे पोषक माध्यम जिसमें कोई प्रति जीवी या जीवाणु स्तम्भक पदार्थ न हो, के साथ कम से कम 500 ऐम्पुल भर कर और भरे हुए ऐम्पुलों के पूरे वर्ग के उदभन द्वारा जांची जाएंगी। इस प्रकार भरे हुए ऐम्पुलों के । प्रतिशत से अधिक में संदूषण के चिह्न प्रकट नहीं होने चाहिए और सभी संदूषक पहचाने जाने चाहिए।

(3) अन्तिम वैक्सीन के सभी पात्र भरन के पूर्व निर्जीवाणुक होंगे और अनुज्ञापन प्रधिकारी के समाधान रूप में प्रदर्शित ऐसे पदार्थ के बने होंगे जिससे वैक्सीन पर कोई हानिकर प्रभाव न हो।

(4) वैक्सीन चूर्ण के पात्रों को शुद्ध शुष्क आक्सीजन- मुक्त नाइट्रोजन या किसी ऐसी गैस, जो वैक्सीन के लिए, हानिकर न हो से भरने के पश्चात् निर्वात के अन्तर्गत संमुद्रित किया जाएगा।

(5) सभी संमुद्रित पात्रों का, मुद्राबन्द करने के पश्चात् परीक्षण किया जाएगा कि उनसे क्षरण तो नहीं होता। सभी त्रुटि-पूर्ण पात्र अलग कर दिए जाएंगे।

(6) एकल और बहुल मात्रा के पात्र प्रयोग किए जा सकेंगे। वैक्सीन चूर्ण का प्रत्येक पात्र द्रव का पुनर्निर्माण करने वाले निर्जीवाणुक के एक ऐम्पुल के साथ निकाला जाएगा। इस द्रव में ग्लिसेराल और / या कोई उपयुक्त पूतिरोधी पदार्थ हो सकेगा। पात्र उस रूप में निकाले जाएंगे जिससे पुनर्निर्माण प्रक्रिया यथासम्भव सरल हो सके।

**अन्तिम उत्पाद पर नियंत्रण परीक्षण**

**22. पहचान परीक्षण**

(1) पहचान परीक्षण प्रत्येक भरन लॉट में के कम से कम एक लेबल लगे पात्र पर समुचित पद्धतियों द्वारा किया जाएगा।

(2) पैरा 24 में यथा वर्णित वाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण, पहचान परीक्षण के रूप में काम आ सकेगा।

(3) परीक्षण खरगोशों की नश्तर लगी त्वचा में भी किया जा सकेगा। वैक्सीन के उपयुक्त अवमिश्रण, त्वचा के नश्तर लगे भाग में लगाए जाएंगे। वैक्सीन को चार से सात दिन के पश्चात् वैक्सीनिया की विक्षति विशिष्ट प्रदर्शित करनी चहिए।

**23. अन्तिम पात्रों में के वैक्सीन पर वाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण।**

(1) वाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण, पैरा 24 में वर्णित अपेक्षाओं के अनुसार प्रत्येक भरन लौट पर किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए वैक्सीन-चूर्ण का परीक्षण करने के पूर्व उस रूप में पुनर्निर्माण किया जाएगा जिस रूप में उसे मनुष्य पर संरोपण के लिए प्रयोग किया जाना है।

(2) परीक्षण ऐसे निर्देश वैक्सीन के अनुरूप किए जाएंगे जो चेचक-वैक्सीन की अन्तर्राष्ट्रीय निर्देश निर्मित के प्रति अनुसंशोधित किया गया है।

**24. कुक्कुट भ्रूण की कलाओं में वाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण।**

कम से कम दस कुक्कुट भ्रूण, जिसमें से प्रत्येक का उद्भवन लगभग 12 दिन का हो, दो समान समूहों में विभाजित किए जाएंगे। प्रथम समूह के प्रत्येक भ्रूण की जरायु—अपरापोपिका कला में वैक्सीन क 0.1 मिली या 0.2 मिली उपयुक्त अवमिश्रण प्रयुक्त किया जाएगा द्वितीय समूह के प्रत्येक भ्रूण की कला में वैक्सीन का दूसरा 0.1 मिली या 0.2 मिली उपयुक्त अवमिश्रण प्रयुक्त किया जाएगा। विविक्त की कुल संख्या के उद्भवन के आप्टिमल समय के पश्चात् विनिर्दिष्ट विक्षतियों की गणना प्रत्येक भ्रूण की कला पर की जाएंगी। ऐसे अवमिश्रण इस प्रकार चुने जाएंगे कि कम से कम एक समूह की कला, विक्षति की गणना योग्य संख्या उत्पन्न करें जो प्रति कला दस से अधिक हों। इस समूह में गणना की गई विक्षतियों की संख्या से और अवमिश्रण और उपयोग की गई मात्रा से एक मिली (अनावमिश्रित) वैक्सीन में चेचक उत्पन्न करने वाली इकाइयों की संख्या की गणना की जाएगी। $\times$ 108 से अधिक होगी।

25. **अन्य परीक्षण**

खरगोशों की नश्तर लगी त्वचा में वाइरस सान्द्रता के लिए किए गए परीक्षण तभी प्रयोग किए जाएंगे जब यह स्पष्ट किया गया हो कि परिणाम, उन परिणामों से परस्पर सम्बन्धित हैं जो कुक्कुट भ्रूण की कला के प्रयोग से प्राप्त हुए हैं ।

26. **अन्तिम पात्रों में के वैक्सीन म जीवित वाह्य सूक्ष्म जीवों की उपस्थिति के लिए परीक्षण**

कम से कम चार अन्तिम (पात्र या यदि एकल मात्रा–पात्र हों या तो कम से कम (10) जिन की कुल एकत्रित मात्रा जो 0.5 मिली से अन्यून मात्रा के समतुल्य हो, प्रत्येक भरन लॉट से बिना तरीख इस प्रकार लिए जाएंगे कि प्रपुन्ज पात्र से भरने की सभी अवस्थाएं उसमें आ सकें । इस प्रयोजन के लिए वैक्सीन-चूर्ण का उस रूप में पुनर्निर्माण किया जाएगा जिस रूप में उसे मनुष्य पर संरोपण के लिए प्रयोग किया जाना है । इस प्रकार संग्रहीत वैक्सीन पैरा 15 और 19, इनमें से जो भी लागू हों, में वर्णित परीक्षण पास करेगा ।

27. **अहानिकर परीक्षण**

प्रत्येक भरन लौट का समुचित परीक्षण द्वारा, जिसके अन्तर्गत खरगोशों को इंजेक्शन लगाना भी सम्मिलित है, अपसामान्य विषालुता के लिए परीक्षण किया जाएगा । परीक्षण अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे । इ,स परीक्षण के लिए चूहे और गिनि–पिग का भी प्रयोग किया जा सकेगा ।

28. **वैक्सीन–चूर्ण पर ऊष्मा–प्रतिरोधक परीक्षण**

प्रत्येक भरन लौट में से वैक्सीन-चूर्ण के कम से कम एक पात्र का उद्भवन 37° सेन्टीग्रेड से अन्यून तापमान पर कम से कम चार सप्ताह तक किया जाएगा और उसका वाइरस सान्द्रता के लिए परीक्षण किया जाएगा । यदि पैरा 24 में वर्णित अपेक्षाएं पूरी हो गई हों और वाइरस सान्द्रता का कम से कम दसवां भाग रह गया हो तो वैक्सीन परीक्षण में खरा उतरता है ।

29. **परिरक्षक और मिलाए अन्य पदार्थ**

सेचक-वैक्सीन में कोई प्रतिजीवी पदार्थ नहीं मिलाए जाएंगे । यदि पुनर्निमित वैक्सीन चूर्ण में परिरक्षक या मिलाए गए अन्य पदार्थ हों तो ऐसे पदार्थ अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधानप्रद रूप में दिखा दिए गए हों कि उपस्थित परिमाण में उनका उत्पाद पर कोई हानिकर प्रभाव नहीं होगा और उनकी वैक्सीन दिए गए प्राणियों पर कोई अनपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं होगी । यदि उनमें फेनोल हो तो उसकी सान्द्रता 0.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । इसके अतिरिक्त प्रयोग किया गया पदार्थ भारतीय भेषजकोष की अपेक्षाओं के अनुरूप होगा ।

**प्रकीर्ण**

30. **अभिलेख**

अभिलेख स्थायी होंगे और वे प्रसंस्करण, परीक्षण, भरने और वितरण की सभी कार्यवाहियों को स्पष्टतः दर्शित करेंगे । सभी परीक्षणों के लिखित अभिलेख रखे जाएंगे चाहे उनके कोई भी परिणाम रहे हों । अभिलेख अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुमोदत रीति में रखे जाएंगे । अभिलेख उस अवधि तक रखे जाएंगे जो वैक्सीन के किसी लॉट या बैच पर अवसान की तरीख के रूप में दी गई हो और वे सभी समयों पर निरीक्षक द्वारा निरीक्षण करने के लिए उपलब्ध होंगे ।

31. **प्रतिदर्श**

विनिर्माता द्वारा खा गए सभी सम्वर्ध के पूरे संक्रमण––इतिहास के अभिलेख रखे जाएंगे । सम्वर्थ पर लेबल लगाए जाएंगे और उनको सुरक्षित और क्रमबद्ध रीति से भण्डार में रखा जाएगा ।

32. (i) **लेबल लगाना**

(क) इन नियमों के अन्य उपबन्ध के अधीन रहते हुए पात्र पर लगे लेबल पर निम्नलिखित दर्शित किया जाएग, अर्थात् :––

(i) वैक्सीन का नाम (अर्थात् अन्तर्राष्ट्रीय नाम या यथार्थ नाम)

(ii) विनिर्माण कारबार का मुख्य स्थान

(iii) बैच संख्या या लाट संख्या

(iv) पात्र में के डोजों की कुल संख्या

(ख) पैकेज के लेबल पर, पात्र के लेबल पर दर्शित की गई जानकारी के अतिरिक्त, निम्नलिखित विशिष्टियां दी जाएंगी :––

(i) विनिर्माता का नाम और पता,

(ii) विनिर्माण अनुज्ञप्ति संख्या जिसके पहले "विनिर्माण अनुज्ञप्ति संख्या" या "विनिर्माण अनुज्ञप्ति सं०" या "वि० अ०" शब्द उस दशा में जोड़े जाएंगे जब वैक्सीन का विनिर्माण इस देश में किया गया हो ।

(iii) विनिर्माण की तारीख और अवसान की तारीख ।

(iv) वैक्सीन के गुणों को बनाए रखने के लिए आवश्यक पूर्वाविधानियां, और

(v) यदि कोई पूतिरोधी या परिरक्षक पदार्थ मिलाया गया हो तो उसकी प्रकृति और उसका प्रतिशत ।

(2) पैकेज के साथ लगी पर्ची में निम्नलिखित अतिरिक्त जानकरी दी जाएगी, अर्थात् :––

(क) भण्डार करण की दशाएं,

(ख) प्रयोग करने के लिए अनुदेश,

(ग) वैक्सीन के पुनर्गठन की पद्धति, और

(घ) यह विवरण कि वैक्सीन - चूर्ण को पुनः जलयोजित करने के पश्चात, वैक्सीन का प्रयोग छह घंटे के भीतर कर लेना चाहिए ।

33. भण्डारकरण **की दशाएं**–विनिर्माण, स्थापन द्वारा वितरित किए जाने से पूर्व, या वैक्सीन को रिजर्वों में रखने के लिए किसी डिपो से निकालने से पूर्व, सभी वैक्सीन - चूर्ण उनके अन्तिम

पात्रों में निरन्तर $+10^{\circ}$ सेन्टीग्रेड से कम के तापमान में रखे जाएंगे ।

34. **अवसान की तारीख**—वह तारीख, जिसके पश्चात् वैक्सीन चूर्ण का प्रयोग नहीं किया जाएगा, वाइरस सान्द्रता संबंधी किए गए अन्तिम परीक्षण के पश्चात 36 मास से अधिक नहीं होगी । अवसान की तारीख वाइरस सान्द्रता संबंधी किए गए अन्तिम परीक्षण के पश्चात 36 मास से अधिक नहीं होगी । किन्तु अवसान की तारीख वैक्सीन-चूर्ण के संबंध में उस तारीख से बारह मास से अधिक नहीं होगी जिसको वैक्सीन विनिर्माता द्वारा जारी किया गया था ।"

(ii) भाग 9 में, 'यकृत इंजेक्शन फूड' शीर्षक के नीचे,

(क) पैरा 4 (ख) में, "किसी जलकुंड में शुष्क होने तक वाष्पित करें" शब्दों के स्थान पर, "किसी जल-कुंड में जब तक वाष्पित करके शुष्क करें" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(ख) पैरा 4 (ङ०) के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"(ङ०) निर्जीवाणुकता परीक्षण – यकृत इंजेक्शन फूड भारतीय भेषजकोश के संस्करण में तत्समय "इंजेक्शनों" के लिए अधिकथित निर्जीवाणुता परीक्षण का अनुपालन करेंगे ।"

(ग) पैरा 4 (च) के स्थान पर, निम्नलिखित पैरा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(च) **शक्ति** – शक्ति का अवधारण भारतीय भेषज-कोश के संस्करण में तत्समय यथाविनिर्दिष्ट विटामिन बी 12 सक्रियता के प्राक्कलन से सम्बद्ध सूक्ष्म-जीवविज्ञान पद्धति से किया जाएगा और वह लेबल पर लिखी हुई शक्ति से कम नहीं होगा ।" ;

(iii) भाग 12 में, खण्ड (ङ०) में –

(क) शीर्षक में से 'सार' शब्द लुप्त कर दिया जाएगा ;

(ख) 'यकृत सान्द्र' से सम्बन्धित मद 2 में, –

(1) तीसरे पैरा में से निम्नलिखित वाक्य लुप्त कर दिया जाएगा, अर्थात :–

"उसमें 0·1 प्रतिशत बेंजाइक एसिड या अन्य अहानिकर परीरक्षक पदार्थों की उपयुक्त सान्द्रता अन्तर्विष्ट होगी ।"

(2) चौथे पैरा में, अन्त में निम्नलिखित वाक्य अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

" इसमें 0.1 प्रतिशत बेंजाइक एसिड या अन्य अहानिकर परीरक्षक पदार्थों की उपयुक्त सान्द्रता अन्तर्विष्ट होगी ।" ;

(ग) 'प्रोटीनलायित यकृत' से संबंधित मद 5 में, –

(1) तीसरे पैरा में, "2 एम सी जी" अंकों और अक्षरों के स्थान पर, निम्नलिखित अंक और अक्षर प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात:–

"4 एम० सी० जी०"

(2) चौथे पैरा में, "फोर्मल" शब्द के स्थान पर, "फोर्मोल" शब्द प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

(3) अन्त में, निम्नलिखित पैरा अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :–

**"मुखी प्रयोग के लिए यकृत की निर्मिति पर लेबल लगाने की रीति**.—इन नियमों और इस अनुसूची के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, मुखी-प्रयोग के लिए यकृत की किसी ऐसी निर्मिति के लेबल पर, जिसके लिए मानक अनुसूची के इस भाग में अधिकथित किए गए हैं, यथा विहित निर्मिति का नाम होगा ।

यदि मुखी-प्रयोग के लिए यकृत की निर्मिति किसी पेस्ट के रूप में प्रस्तुत की गई है तो 'पेस्ट' शब्द विहित नाम के साथ जोड़ा जाएगा और ठोस अंश, मात्र/भार का भी लेबल पर उल्लेख किया जाएगा ।

यदि किसी पेटन्ट या एकाकृत निर्मिति में ऊपर विहित एक या एक से अधिक मुखी-प्रयोग के लिए यकृत की निर्मितियां अन्तर्विष्ट हों तो ऐसी पेटन्ट या एकाकृत निर्मिति का सूत्र इस भाग में विहित, यथास्थिति, निर्मिति का नाम या निर्मितियों के नाम और मात्रा दर्शित करेगा, जो पेस्ट का प्रयोग करते समय शुष्क-आधार पर दबाकर निकाली जाएगी ।" ;

(xxxvii) अनुसूची ट में, –

(i) मद 13 के सामने, स्तम्भ 1 में, "औषधि–द्रव्यों का वर्ग" शीर्षक के नीचे, "(क) अण्डी का तेल" से प्रारम्भ होने वाली और "(ङ०) क्विनीन की टिकिया" से समाप्त होने वाली उपमद (क) से (ङ०) के स्थान पर, निम्नलिखित उपमदें प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात :–

"(1) एस्पिरिन की टिकिया ।

(2) ए० पी० सी० की टिकिया और चूर्ण ।

(3) पीडाहर मलहम ।

(4) प्रत्यम्ल निर्मितियां ।

(5) शिशुओं के उपयोग के लिए ग्राईप वाटर ।

(6) श्वसित्र जिनमें शीत और नासा द्रवाधिक्य के इलाज से सम्बद्ध औषधि–द्रव्य अन्तर्विष्ट हों ।

(7) कफ के लिए शर्बत, लाजेंज, गोली और टिकिया ।

(8) वाह्य प्रयोग के लिए लेप ।

(9) त्वचा-मरहम और छालों का मरहम

(10) अवशोषक रुई, पटिटयां, अवशोषक गाज और आंसजी पलस्तर।

(11) अण्डी का तेल, द्रव पैराफिन और एप्सम लवण।

(12) यूकेलिप्टस तेल।

(13) टिंक्चर आयोडिन टिंक्चर बेंजाइन सी० ओ० और मरक्यूरोक्रोम का घोल जो 100 मिली लीटर से अनधिक के पात्रों में हो।

(14) क्विनीन सल्फेट भा० भे० की टिकियां

(15) आयोडोक्लोरोहाइड्रोक्सीक्विनोलीन की टिकिया– 250 मिली ग्राम।" ;

(ii) मद 18 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात, निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां जोड़ी जाएंगी, अर्थात् :—

| "औषधि द्रव्यों का वर्ग | छूट का विस्तार और शर्तें |
|---|---|
| 19. मनुष्यों द्वारा दाढ़ी जमाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले और उसके अधीन बनाए गए हेयर फिक्सर, अर्थात गोंद नियमों के उपबन्ध।" ; युक्त चिपचिपी निर्मितियां। | इस अधिनियम के अध्याय 4 |

(xxxviii) अनुसूची ड में, "(2) संयंत्र और उपस्कर की आवश्यकताएं" पैरा के नीचे, —

(i) उप पैरा (क), (ख), (ग), (घ) में, "300 वर्ग फीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "30 वर्ग मीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(ii) उप पैरा (ङ०) में, "200 वर्ग फीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "20 वर्ग मीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(iii) उप पैरा (च) में, "300 वर्गफीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "30 वर्गमीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(iv) उप पैरा (छ) में, "250 वर्गफीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "25 वर्गमीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(v) उप-परा (ज) और (झ) में, "200 वर्गफीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "20 वर्गमीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(vi) उप पैरा (ञ) में "300 वर्गफीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "30 वर्गमीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(vii) उप पैरा (ट) में, "600 वर्गफीट" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "60 वर्ग मीटर" अंक और शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ;

(xxxix) अनुसूची ढ के स्थान पर, निम्नलिखित अनुसूची प्रतिस्थापित की जाएगी —

## अनुसूची 'ढ'

[नियम 64 (1) देखिए]

### किसी फार्मेसी को वधतापूर्वक चलाने के लिए न्यूनतम उपस्कर की सूची

I. **प्रवेशद्वार :** फार्मेसी के प्रवेशद्वार पर "फार्मेसी" लिखा होगा।

II. **परिसर :** फार्मेसी के परिसर निजी प्रयोग में आने वाले कमरों से अलग किए जाएंगे। परिसर अच्छी तरह बनाए जाएंगे, शुष्क होंगे, पर्याप्त रूप से प्रकाशयुक्त और संवातित रखे जाएंगे और स्टाक में माल, विशेषतः साफ साफ दृश्य मान और उचित रीति में रखे जाने वाले औषधद्रव्य और विष, के लिए उनकी लम्बाई-चौड़ाई पर्याप्त होगी। औषध-वितरण विभाग के रूप में प्रयुक्त किए जाने वाले खण्ड का क्षेत्र उसमें कार्य करने वाले एक फार्मेसिस्ट के लिए 6 वर्ग मीटर और प्रत्येक अतिरिक्त फार्मेसिस्ट के लिए अतिरिक्त 2 वर्ग मीटर से कम नहीं होगा परिसरों की ऊंचाई कम से कम 2.5 मीटर होगी।

फार्मेसी का फर्श चिकना और धोनेयोग्य होगा। दीवालें पलस्तर युक्त या वार्निशयुक्त या तैल रंजित होंगी ताकि उनकी चिकनी, टिकाऊ और धोने योग्य सतह को छेदों, दरारों और बिलों रहित रखा जा सके।

फार्मेसी के लिए अच्छे किस्म के जल के प्रदाय की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

औषध-वितरण विभाग को जनता के प्रवेश को रोकने के लिए कोई रोक लगा कर अलग किया जाएगा।

III. **फर्निचर और साधित्र:** फार्मेसी के फर्निचर और साधित्र उन प्रयोगों के उपयुक्त होंगे जिनके लिए वे आशयित हैं और वे स्थापन

के आकार और आवश्यकताओं के समरूप होंगे ।

औषधि, रसायन और औषधद्रव्य उनके गुणों के लिए समुचित कमरे में और ऐसे विशेष पात्रों में रखे जाएंगे जो उनकी अन्तर्वस्तुओं के और उनके पास रखे पात्रों की अन्तर्वस्तुओं के क्षय को रोकेंगे । औषधद्रव्य रखने के लिए प्रयुक्त दराज, शीशे की खिड़कियां और अन्य पात्र उपयुक्त आकार के होंगे और धूल को अन्दर जाने से रोकने हेतु मजबूती से बन्द किए जाने योग्य होंगे ।

प्रत्येक पात्र पर भेषजकोशों में दिए हुए औषधद्रव्यों के नामों सहित समुचित आकार के, सुगमता से पढ़े जाने योग्य लेबल लगे होंगे ।

फार्मेसी में ऐसी औषध-वितरण-बेंच की व्यवस्था की जाएगी जिसका ऊपरी हिस्सा स्टेनलेस स्टील परत या प्लास्टिक आदि जैसे धोने योग्य और अभेद्य सामग्री से अच्छादित होगा ।

फार्मेसी में विष के भण्डारकरण के लिए ताले और चाबी वाली अलमारी की व्यवस्था की जाएगी और उस पर सफेद पृष्ठभूमि पर लाल अक्षरों में "विष" शब्द स्पष्टतया चिन्हित किया जाएगा ।

सभी सान्द्रित घोलों के पात्रों पर एक विशेष लेबल लगा होगा या उसे "अवमिश्रित किया जाने वाला" शब्दों से चिन्हित किया जाएगा ।

फार्मेसी में कम से कम निम्नलिखित साधित्रों और पुस्तकों की व्यवस्था की जाएगी जो आधिकारिक निर्मितियां और नुस्खे तैयार करने के लिए आवश्यक हैं :—

**साधित्र**

तुला, औषध-वितरण, सुग्राहिता 30 मिलीग्राम ।
तुला, काउन्टर क्षमता 3 किलोग्राम, सुग्राहिता 1 ग्राम ।
बीकर, चोंचयुक्त, प्रकीर्ण आकार ।
बोतल नुस्खा, बिना निशान लगी प्रकीर्ण आकार ।
कार्क प्रकीर्ण आकार और टेपर ।
कार्क, एक्सट्रैक्टर ।
वाष्पन पात्र; चीनी मिट्टी ।
फिल्टर-पत्र ।
कीप, कांच ।
लिटमस-पत्र, नीला और लाल ।
मापक गिलास बेलनाकार 10 मिली, 25 मिली, 100 मिली और 500 मिली ।
खरल और मुसली, कांच ।
खरल और मुसली, बढ़िया चीनी मिट्टी ।
मरहम बर्तन बेकेलिट या उपयुक्त टोपियों सहित ।
मरहम सिल्ली, चीनी मिट्टी ।
पिपेट, निशान लगे, 2 मिली, 5 मिली और 10 मिली
वलय, स्टैन्ड (रिटार्ट) लोहा, वलय युक्त ।
रबड़ को मुहर और पैड ।
कैंची ।
स्पैचुला, रबड़ या वल्केनाइट ।
स्पैचुला, स्टेनलेस स्टील ।
स्पिरिट-लैम्प ।
गिलास विलोडन छड़ ।
थर्मामीटर, $0^{\circ}$ से $200^{\circ}$ सेन्टीग्रेड ।
त्रिपाद धातु ।
वाच-गिलास ।
जलकुण्ड ।

जलआसवन भभका यदि आंख की दवाई और नेत्र लोशन तैयार करना हो ।

बाट, मीटरी, 1 मिग्रा० से 100 ग्राम ।
तार की जाली ।
* गोली बनाने वाला यंत्र बाक्सबुड ।
* गोली बनाने की मशीन ।
* गोली के लिये बक्से ।
* वर्तिका सांचा ।

**पुस्तकें**

भारतीय भेषजकोश (नवीन संस्करण)
नेशनल फोर्मुलरी आफ इण्डिया (नवीन संस्करण)
औषधि-द्रव्य और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940
औषधि-द्रव्य और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945
फार्मेसी अधिनियम, 1948
अनिष्टकर औषधि-द्रव्य अधिनियम, 1930

IV साधारण उपबन्ध—फार्मेसी, रजिस्ट्रीकृत फार्मेसिस्ट की निरन्तर वैयक्तिक पर्यवेक्षण के अधीन चलाई जाएगी जिसका नाम परिसरों में सहजदृश्य रूप में संप्रदर्शित किया जाएगा ।

फार्मेसिस्ट हमेशा साफ और सफेद ओवरआल पहनेगा ।

फार्मेसी के परिसर और फिटिंग ठीक हालत में रखे जाएंगे और प्रत्येक चीज तरतीब में और साफ होंगी ।

सभी अभिलेख और रजिस्टर प्रवृत्त विधि के अनुसार रखे जाएंगे ।

विष-आलमारी से निकाला गया हरेक पात्र उसका प्रयोग करने के पश्चात् तुरन्त उसमें रख दिया जाएगा और आलमारी का ताला लगा दिया जाएगा । विष-आलमारी की चाबियां उत्तरदायित्वपूर्ण व्यक्ति की व्यक्तिगत अभिरक्षा में रखी जाएंगी ।

औषधद्रव्यों का प्रदाय करते समय उन पर प्रवृत्त विधि के उपबन्धों के अनुरूप लेबल लगाये जाएंगे ।

**टिप्पण :—**

यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी की यह राय है कि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा वितरित, मिश्रित या तैयार किए गए औषधिद्रव्यों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए किसी विशिष्ट मामले की परिस्थितियों में उपरोक्त अपेक्षाओं को शिथिल करना या अतिरिक्त अपेक्षाएं अधिरोपित करना आवश्यक है तो उपरोक्त अपेक्षाएं उसके विवेकानुसार शिथिल की जाएंगी । उस सम्बन्ध में अनुज्ञापन प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा ।

## अनुसूची

औषधि-द्रव्य और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 में और संशोधन करने के लिए प्रकाशित प्रारूपों की विशिष्टियां

